रेलवे भर्ती बोर्ड, बिलासपुर
RAILWAY RECRUITMENT BOARD, BILASPUR
भारत सरकार : रेल मंत्रालय
Govt.of India (Ministry of Railways)
Phone:07752-417742, Fax: 07752-417742

No.RRB/BSP/01-2019/NTPC/ Addl Panel/Level-5/732 Dated: 21.12.2023

केंद्रीयकृत रोज़गार सूचना संख्या 01/2019
गैर तकनीकी लोकप्रिय कोटियाँ (स्नातक तथा पूर्वस्नातक)

लेवल-5 के पदों के लिए पुनर्चिकित्सा परीक्षण के परिणाम के आधार पर चिकित्सा श्रेणी में अपग्रेड उम्मीदवारों का अनंतिम अतिरिक्त पैनल / परिणाम

1. केंद्रीयकृत रोज़गार सूचना 01/2019 (एनटीपीसी) की विभिन्न श्रेणियों के लिए पुनर्चिकित्सा परीक्षण के पश्चात चिकित्सा श्रेणी में अपग्रेड उम्मीदवारों एवं रेलवे से प्राप्त अतिरिक्त मांगपत्र के आधार पर निम्नलिखित उम्मीदवारों को निम्नानुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे पर नियुक्ति के लिए अनंतिम रूप से अनुशंसित किया जाता है:-

कोटि संख्या 3, गुड्स गार्ड, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

अनुक्रमांक
301191130352028
301195190096434

कुल - 2 (दो)

2. दस्तावेज़ सत्यापन के लिए चयनित/ बुलाए गए मैरिट में सबसे नीचे के उम्मीदवार के अंकों में जहाँ भी कोई परिवर्तन होता है, वहाँ संशोधित कट-ऑफ का प्रकाशन किया जाता है। अत: यदि किसी पद/ समुदाय के लिए उम्मीदवार के न्यूनतम अंकों में कोई बदलाव नहीं होता है, तो कोई संशोधित कटऑफ अंक प्रकाशित नहीं किया जाता है।

3. यह लेवल-5 के पदों के लिए अनंतिम अतिरिक्त (Additional) पैनल है ।

4. अनुशंसित उम्मीदवारों के अनुक्रमांक मेरिट अनुसार न होकर बढ़ते क्रम में दिए गए हैं।

<u>पैनल में शामिल उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश :-</u>

1. अनुशंसित उम्मीदवार(रों) की नियुक्ति के लिए आगे की सभी गतिविधियाँ और अन्य औपचारिकताएँ संबंधित रेलवे द्वारा की जाएँगी।

2. अनुशंसित उम्मीदवारों के परिणाम, पात्रता, योग्यता और संबंधित चिकित्सा अधिकारियों द्वारा घोषित चिकित्सा फिटनेस पर आधारित है। अनुशंसित उम्मीदवारों की उम्मीदवारी पूरी तरह से अनंतिम है और ऑनलाइन आवेदन में/ दस्तावेज़ सत्यापन के दौरान उनके द्वारा दिए गए डेटा में किसी भी असंगतता/ कमी, डिबार सूची में पाए जाने या उनकी ओर से कोई कदाचार का मामला भर्ती/ नियुक्ति प्रक्रिया के किसी भी चरण में रेलवे भर्ती बोर्ड के ध्यान में पाए जाने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि केवल अनंतिम पार्ट पैनल में शामिल होने से उम्मीदवार किसी भी तरह से रेलवे में नियुक्ति का हकदार नहीं हो जाता है।

3. यद्यपि इस परिणाम को तैयार करने में प्रत्येक सावधानी बरती गई है, तथापि रेलवे भर्ती बोर्ड, बिलासपुर के पास किसी भी अनजानी त्रुटि / मुद्रण संबंधी ग़लती (गलतियों) को सुधारने का अधिकार सुरक्षित है। असफल उम्मीदवारों के किसी भी पत्राचार पर विचार करने में असमर्थता के लिए रेलवे भर्ती बोर्ड को खेद है।

<u>महत्वपूर्ण</u> : *दलालों से सावधान रहें, जो उम्मीदवारों को गैरकानूनी आधार पर नौकरी के लिए चयनित कराने के झूठे वादे करके गुमराह कर सकते हैं। रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षाओं में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है और चयन पूरी तरह से उम्मीदवारों की योग्यता पर आधारित है।*

सही/-

अध्यक्ष/ रेलवे भर्ती बोर्ड/ बिलासपुर